दिन– शुक्रवार दिनांक– 25 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. विधानमंडल का मानसून सत्र समाप्त। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण– एसआईआर को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं चल सका।

02. एसआईआर के मुद्दे पर सदन में भी विपक्षी सदस्यों का हंगामा और प्रदर्शन आज भी जारी रहा।

03. चुनाव आयोग ने कहा – एसआईआर के तहत अब तक निन्यानवे दशमलव आठ प्रतिशत मतदाताओं ने गणना प्रपत्र जमा किये। गणना प्रपत्र जमा करने की कल अंतिम तारीख है।

04. और, बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव के कारण राजधानी पटना सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में हुई बारिश।

---

बिहार विधानमंडल का पांच दिवसीय मानसून सत्र आज समाप्त हो गया। राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण– एसआईआर को लेकर विपक्षी सदस्यों ने पांचों दिन सदन में जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया। इसके चलते किसी भी दिन शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं चल सका। सत्रहवीं विधानसभा का यह अंतिम सत्र था। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहा कि सत्र में कुल तेरह राजकीय विधेयक पारित किये गए। श्री यादव ने सदस्यों को आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए शुभकामनाएं दीं।

–––बाइट–––

इधर, मॉनसून सत्र के आज अंतिम दिन विधानसभा और विधान परिषद दोनों सदनों की कार्यवाही एसआईआर को लेकर विपक्षी दलों के हंगामें के कारण सुचारू ढंग से नहीं चल पायी। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी–माले और अन्य विपक्षी दल सदन के बीचोंबीच आ गए और मतदाता सूची जांच के मुद्दे पर सरकार के विरूद्ध नारेबाजी करने लगे। हंगामे के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा में विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन दलों ने अपने शासन के दौरान कोई काम नहीं किया, वे आज सरकार के कामों पर सवाल उठा रहे हैं।

–––बाइट–––

---

इधर, लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही भी एसआईआर समेत विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण बाधित हुई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल चलाने का प्रयास किया लेकिन विपक्षी सदस्य सदन के वेल में आकर बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग करने लगे। शोरशराबे के बाद अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।

–––बाइट–––

मैं फिर आपसे कह रहा हूं आप आइए, हर चर्चा गतिरोध को समाप्त करेंगे। सरकार के प्रतिनिधि होंगे, आपके प्रतिनिधि होंगे। अगर कुछ मुद्दों पर समाधान निकलता है तो उचित नहीं है नहीं तो आपको अपनी असमति दर्ज कराने का लोकतंत्र में अधिकार है। आप सदन नहीं चलाना चाहते हैं सदन की कार्यवाही स्थगित की जाती है।

इधर, राज्यसभा में भी विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी।

---

राजद की वरिष्ठ नेत्री राबड़ी देवी ने कहा कि राज्य के बाहर काम के लिए गए वोटरों को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है।

–––बाइट–––

कांग्रेस नेता अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि एसआईआर अभियान बिहार में विफल साबित हो रहा है।

–––बाइट–––

इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने एसआईआर पर विपक्षी दलों पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें उच्चतम न्यायालय पर भी भरोसा नहीं है। श्री जायसवाल ने कहा कि एसआईआर में कोई भी वास्तविक मतदाता नहीं छूटेगा।

–––बाइट–––

जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि चुनाव आयोग एसआईआर के तहत पूरी निष्पक्षता के साथ काम कर रहा है। उन्होंने विपक्ष पर इस मामले में राजनीति करने का आरोप लगाया।

–––बाइट–––

वहीं, जदयू के वरिष्ठ नेता और ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने कहा है कि चुनाव आयोग का किसी वैध वोटर का मतदाता सूची से नाम हटाने का कोई इरादा नहीं है। श्री चौधरी ने विपक्षी दलों पर इस संबंध में अफवाह फैलाने का आरोप लगाया।

———बाइट———

---

बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक निन्यानवे दशमलव आठ प्रतिशत से अधिक मतदाताओं का सत्यापन पूरा किया जा चुका है। चुनाव आयोग ने कहा है कि अब तक सात करोड़ तेईस लाख मतदाताओं ने गणना प्रपत्र जमा कर दिये हैं। आयोग ने कहा कि इन सभी मतदाताओं का नाम एक अगस्त को प्रकाशित मतदाता सूची प्रारूप में शामिल किया जाएगा। आयोग के अनुसार एक लाख दो हजार मतदाताओं के गणना प्रपत्र अभी नहीं मिले हैं। वहीं, लगभग बाईस लाख मतदाता मृत पाए गए हैं। आयोग ने कहा कि लगभग पैंतीस लाख मतदाता स्थायी रूप से विस्थापित हो चुके हैं और सात लाख मतदाता एक से अधिक जगहों पर पंजीकृत हैं। गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि कल तक निर्धारित है। मतदाता–सूची का प्रारूप एक अगस्त को प्रकाशित किया जायेगा। चुनाव आयोग ने कहा है कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची के प्रारूप में नहीं होगें, वे एक अगस्त से एक सितंबर के बीच दावा–आपत्ति कर सकेंगे। आयोग के अनुसार अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन तीस सितम्बर को किया जाएगा।

---

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पहली बार दो हजार से अधिक वैज्ञानिकों के एक दल ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत सात हजार नौ सौ से अधिक गांवों का दौरा किया। राज्यसभा में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री चौहान ने कहा कि वैज्ञानिकों ने प्रत्येक गांव की कृषि–जलवायु स्थितियों पर विस्तृत जानकारी एकत्र की।

———बाइट———

विकसित कृषि संकल्प अभियान के सात हजार 9 सौ से ज्यादा गांवों में हमारे वैज्ञानिक गए और वो खाली हाथ नहीं गए, उस गांव की एग्रो क्लाइमेटिक कंडिशंस क्या है और उस कडीशंस पर गांव में जो माटी है उसमें पोषक तत्व कौन से हैं, उनको ध्यान में रखते हुए वहां कौन सी फसल उगाई जाए, कौन से बीज उपयुक्त रहेंगे ये जानकारी लेकर गए।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने कार्यकाल के चार हजार अठहत्तर दिन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के लगातार कार्यकाल चार हजार सतहत्तर दिनों तक प्रधानमंत्री रहने के कीर्तिमान को पीछे छोड़ दिया है।

---

केंद्र सरकार ने अश्लील और आपत्तिजनक सामग्री दिखाने वाले पच्चीस ओटीटी वेबसाइट और एप्स को बंद करने का निर्देश दिया है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा कि इन प्लेटफॉर्म से दिखाई जा रही कुछ सामग्री गंभीर रूप से अश्लील और अनुचित है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने गृह मंत्रालय, महिला और बाल विकास मंत्रालय, इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, विधि विभाग, उद्योग जगत, भारतीय उद्योग परिसंघ और फिक्की तथा महिला और बाल अधिकार विशेषज्ञों के साथ परामर्श के बाद यह कार्रवाई की है।

---

बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव के कारण राजधानी पटना सहित आज प्रदेश के कई भागों में बारिश हुई। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान पटना और औरंगाबाद सहित प्रदेश के कई भागों में भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है।

———बाइट———

---

राज्य में लगातार हो रही मानूसनी बारिश से गंगा, गंडक और कोसी समेत कई नदियों के जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गयी है। केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार खगड़िया जिले में बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खतरे के निशान से अट्ठाईस सेंटीमीटर ऊपर था। वहीं, बलतारा में कोसी नदी का जलस्तर खतरे के निशान से इकतालीस सेंटीमीटर ऊपर था। खगड़िया से हमारे संवाददाता ने बताया है कि बाढ़ से जिले के कई इलाके डूब गए हैं। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

गंगा और गंडक नदी के खतरे के निशान को पार करने से खगड़िया, परबत्ता, गोगरी और मानसी के निचले इलाकों के अलावा कई गांव पानी से घिर गए हैं। खगड़िया के रहीमपुर पंचायत, परबत्ता के माधवपुर, तेमथा और गोगरी के बन्नी, बौरना, रामपुर, इटहरी के दर्जनों गांवों में पानी फैलने लगा है। कई विद्यालयों में भी बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। नदी से सटे दियारा इलाके पूरी तरह जलमग्न हो चुके हैं। बाढ़ से कई गांवों का सड़क संपर्क बाधित हो गया है। जिलाधिकारी नवीन कुमार ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव अभियान तेज करने का अधिकारियों को निर्देश दिया है। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

---

गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक और कोसी समेत राज्य से होकर गुजरने वाली विभिन्न नदियों के जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी को देखते हुये जल संसाधन विभाग ने तटबंधों की निगरानी बढ़ा दी है। बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित होने वाले दस जिलों में तटबंधों की सुरक्षा के लिए छह हजार कर्मियों की तैनाती की गयी है। विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने बताया कि आवश्यकता होने पर और अधिक सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जायेगी। उन्होंने बताया कि रात में भी तटबंधों की पेट्रोलिंग की जा रही है।

---

उच्च जातियों के विकास के लिए गठित राज्य आयोग के अध्यक्ष डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह और सदस्यों ने आज पटना प्रमंडल क्षेत्र के अधिकारियों, बुद्धिजीवियों तथा अन्य हितधारकों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद पटना में संवाददाताओं से बातचीत में डॉ सिंह ने कहा कि आर्थिक रुप से कमजोर उच्च वर्ग के साथ उनके प्रमाण पत्रों, शिक्षा, रोजगार के लिए कई समस्याएं हैं जिस पर चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि विभिन्न हित धारकों ने ई डब्ल्यू एस प्रमाण पत्रों के बनाने में आ रही कठिनाई दूर करने की मांग की और शैक्षणिक विकास के लिए भी काम करने का अनुरोध किया।

---

निगरानी विभाग की टीम ने पचास हजार रूपये रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी सह राजस्व अधिकारी रणजीत कुमार को अंचल कार्यालय से रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। निगरानी विभाग पटना के डीएसपी आदित्य राज ने बताया कि सिरदला प्रखंड के बनियाडीह निवासी उमेश कुमार निगरानी में जमीन के दाखिल खारिज के लिए पचास हजार रुपए रिश्वत मांगे जाने की शिकायत दर्ज कराई थी।

---

राज्य सरकार ने बड़े पैमाने पर पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। गृह विभाग की ओर जारी अधिसूचना के अनुसार पचपन पुलिस अधिकारियों की नई जगह पोस्टिंग की गई है।

---

और, अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. विधानमंडल का मानसून सत्र समाप्त। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण– एसआईआर को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं चल सका।

02. एसआईआर के मुद्दे पर सदन में भी विपक्षी सदस्यों का हंगामा और प्रदर्शन आज भी जारी रहा।

03. चुनाव आयोग ने कहा – एसआईआर के तहत अब तक निन्यानवे दशमलव आठ प्रतिशत मतदाताओं ने गणना प्रपत्र जमा किये। गणना प्रपत्र जमा करने की कल अंतिम तारीख है।

04. और, बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव के कारण राजधानी पटना सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में हुई बारिश।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।